Rajasthan Patrika (Suppl.: Parivar)

EDII

February 9, 2022
Pg.1

हर विषय पर अलग एक्सपर्ट से मिलेगा ट्रेनिंग का मौका

'पत्रिका' की पहल

बिजनेस बड़ा कैसे करें

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

राजस्थान पत्रिका

Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका समूह और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल, महिलाओं को मिलेगी बिजनेस को बढ़ाने से जुड़ी ट्रेनिंग

महिला उद्यमियों के लिए निःशुल्क ट्रेनिंग प्रोग्राम **बिजनेस बूस्टर** के लिए ईडीआइआइ की ओर से एक्सपर्ट्स की सूची तैयार कर ली गई है। हर विषय की ट्रेनिंग ईडीआइआइ से जुड़े विषय विशेषज्ञ ही देंगे। हर विषय के एक्सपर्ट भी अलग-अलग ही होंगे। ईडीआइआइ के अधिकारियों ने बताया कि महिला उद्यमियों ने ऑनलाइन माध्यम से ट्रेनिंग लेने के लिए इच्छा व्यक्त की है। संभावना है कि अगले सप्ताह तक चयन प्रक्रिया का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद से ट्रेनिंग देने का काम भी शुरू हो जाएगा। पहले बैच में ब्यूटीशियन और वेलनेस से जुड़ी महिला उद्यमियों को मौका मिलेगा जबकि दूसरे बैच में फैशन व टेलरिंग से जुड़ी महिलाओं को मौका मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए पढ़ते रहिए पत्रिका।